समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# लीड्स टेस्ट मे भारत की हार, इंग्लैडं ने 1-0 से सीरीज मे बंनाई बढ़त।

Publisher
Published on 25 Jun 2025



## भारत ने दिया था 371 रन का लक्ष्य, इंग्लैडं ने 5 विकेट रहते हासिल कर जीता पहला टेस्ट मुकाबला।

**इंग्लैडं ने लीड्स टेस्ट मे टीम इंडिया को हराया, टेस्ट सीरीज मे 1-0 की बढ़त**

भारत और इंग्लैंड के बीच खेली जा रही 5 मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला **लीड्स** में खेला गया, जिसमें इंग्लैंड ने **भारत को 5 विकेट से हराकर** सीरीज में **1-0 की बढ़त** बना ली है।
**20 जून 2025** से शुरू हुए इस टेस्ट का अंतिम दिन 24 जून को खेला गया, जहां भारत ने इंग्लैंड को जीत के लिए **371 रन का लक्ष्य** दिया था। इंग्लैंड ने यह **लक्ष्य केवल 5 विकेट खोकर** हासिल कर लिया।

**भारत की 5 शतकियां पारियां भी हार से नहीं बचा सकीं**

भारत ने पहली पारी में **471 रन** बनाए थे, जिसमें **शुभमन गिल (147), ऋषभ पंत (134)** और **यशस्वी जायसवाल (101)** ने शानदार शतक जड़े।
दूसरी पारी में भी भारत की बल्लेबाजी मजबूत रही और **ऋषभ पंत (118)** और **केएल राहुल (137)** ने शतक लगाए।
टीम इंडिया ने दूसरी पारी में **364 रन बनाए** और इंग्लैंड को जीत के लिए **371 रन का लक्ष्य** दिया।

**गेदंबाजों का फ्लॉप शो बना हार की वजह**

भारत के गेंदबाज पहली पारी में कुछ हद तक सफल रहे और **इंग्लैडं को 465 रन** पर आउट किया।
**जसप्रीत बुमराह ने 5, प्रसिद्ध कृष्णा ने 3,** और **मोहम्मद सिराज ने 2 विकेट** झटके।
हालांकि दूसरी पारी में गेंदबाजों ने लय खो दी। **शार्दुल ठाकुर** और **प्रसिद्ध कृष्णा ने 2-2 विकेट,** जबकि **रवींद्र जडेजा ने 1**

**विकेट** लिया, लेकिन इंग्लैंड के बल्लेबाजों को रोकने में नाकाम रहे।
फील्डिंग में भी कई गलतियां हुईं, जिससे विपक्षी टीम को अतिरिक्त मौके मिलते गए।

**प्लेइंग XI की जानकारी**

**भारत की प्लेइंग 11:**
यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), करुण नायर, रवींद्र जडेजा, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा

**इंग्लैडं की प्लेइंग 11:**
जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रूक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ (विकेटकीपर), क्रिस वोक्स, ब्रायडन कार्स, जोश टंग, शोएब बशीर

**भारत बनाम इंग्लैडं टेस्ट सीरीज का शेड्यूल**

**पहला टेस्ट :** 20 से 24 जून
**दूसरा टेस्ट :** 2 से 6 जुलाई
**तीसरा टेस्ट :** 10 से 14 जुलाई
**चौथा टेस्ट :** 23 से 27 जुलाई
**पांचवां टेस्ट :** 31 जुलाई से 4 अगस्त

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.